
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 5:30 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 7:12 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 176 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 3 जनवरी 2026

रूमर्ड बॉयफ्रेंड संग दिखीं कृति...पेज-3 पर

News कॉर्नर

### रामनगर क्षेत्र में बाघ के हमले में महिला की मौत पर शोक जताया

**हल्द्वानी।** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं नैनीताल-उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने रामनगर क्षेत्र में बाघ के हमले में महिला की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इस दुखद घटना पर मृतका के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की है। भट्ट ने रामनगर के सांवल्दे गांव निवासी सुखियां देवी (पत्नी चंदू सिंह) की बाघ के हमले में हुई मृत्यु को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए कहा कि यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की कामना की। इस संबंध में सांसद श्री भट्ट ने जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल से दूरभाष पर वार्ता कर जिले में लगातार हो रही वन्य जीव हमलों की घटनाओं पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने वन्य जीवों के बढ़ते हमलों की रोकथाम के लिए हर संभव और प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। उन्होंने कहा कि मानवङ्कवन्य जीव संघर्ष एक गंभीर विषय है और जन सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ठोस एवं त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है।

### "नैनी झील से युवक का शव बरामद

**नैनीताल।** शनि मंदिर के समीप नैनी झील से एक युवक का शव बरामद किया गया है। नाव चालकों और पुलिस की मदद से शव को झील से बाहर निकाला गया। शव मिलने की सूचना पर मृतक के परिजनों को अवगत कराया गया, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की गई। एसएसआई डीसी जोशी ने बताया कि मृतक की पहचान रोहन शर्मा (20 वर्ष) पुत्र पुष्कर शर्मा, निवासी पिलग्रिम हाउस, मल्लीताल के रूप में हुई है। रोहन 25 दिसंबर से लापता था। परिजनों द्वारा 30 दिसंबर को मल्लीताल कोतवाली में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। पुलिस के अनुसार युवक घर से नाराज होकर निकला था। आज दोपहर उसका शव नैनी झील से बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## केदारनाथ में साल की पहली बर्फबारी, पहाड़ों में कड़ाके की ठंड

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में नए साल पर मौसम ने करवट बदली है। लंबे इंतजार के बाद प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी शुरू हो गई है। शुक्रवार को केदारनाथ में साल की पहली बर्फबारी हुई। क्षेत्र में बर्फबारी से जनपद निवासियों के चेहरे खिल उठे हैं। बर्फबारी के बाद जनपद में मौसम ठंडा हो गया है। वहीं गुप्तकाशी में भी दोपहर बाद हल्की बूंदा बांदी हुई। चमोली जनपद के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी बृहस्पतिवार रात को मलारी में भी हल्की बर्फबारी हुई। साथ ही हेमकुंड साहिब, बदरीनाथ के नर नारायण पर्वत, नीलकंठ, बसुधारा क्षेत्र सहित अन्य ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई, जिससे सुदूर चोटियों में ताजी बर्फ जम गई है। हालांकि बर्फबारी ज्यादा देर तक नहीं हुई। बर्फबारी से जनपद के निचले क्षेत्रों में ठंड बढ़ गई है। शुक्रवार को धूप खिलने से चोटियों पर जमी बर्फ चमकने लगी। केंद्र की ओर से देहरादून समेत हरिद्वार, पौड़ी, ऊधमसिंह नगर, नैनीताल, चंपावत जिले के कुछ इलाकों में घना कोहरा छाने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। जिसके चलते तापमान में गिरावट आ सकती है। जबकि पर्वतीय इलाकों में खासकर 2800 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश-बर्फबारी हो सकती है। आने वाले दिनों की बात करें तो तीन और चार जनवरी को प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। इसके अगले दिन यानि पांच जनवरी को एक बार फिर मौसम बदलने की संभावना है। इसके बाद छह और सात जनवरी को प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। उधर बृहस्पतिवार को मैदानी इलाकों में छाए कोहरे से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। जिसके चलते दिन भर ठंड ने परेशान किया।



### मैदानी इलाकों में घने कोहरे का यलो अलर्ट

उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में कोहरा तो पर्वतीय इलाकों में पाला ठिठुरन बढ़ाएगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से प्रदेश के कुछ जिलों में घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले में कोहरा छाने से शीत दिवस जैसी स्थिति रहेगी। केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार शनिवार को हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर समेत देहरादून, पौड़ी, नैनीताल और चंपावत में घना कोहरा छा सकता है। जबकि पर्वतीय इलाकों में पाला गिरने से सूखी ठंड परेशान करेगी।

पवित्र पिपरहवा अवशेषों की अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का शुभारंभ

## पीएम बोले- भगवान बुद्ध सबके हैं, सबको जोड़ते हैं

नई दिल्ली
एजेंसी

भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र पिपरहवा अवशेषों की भव्य अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी के शुभारंभ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनके पवित्र अवशेषों के दर्शन पाकर वह धन्य हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध सबके हैं और सबको जोड़ते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र पिपरहवा अवशेषों की भव्य अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा, सवा सौ साल के इंतजार के बाद भारत की विरासत लौटी है, भारत की धरोहर लौटी है। आज से भारतीय जनमानस, भगवान बुद्ध के इन पवित्र अवशेषों के दर्शन कर पाएगा, भगवान बुद्ध के आशीर्वाद ले पाएगा। मैं इस शुभ अवसर पर यहां मौजूद सभी अतिथियों का स्वागत और अभिनंदन करता हूं। उन्होंने आगे कहा, 2026 के शुरुआत में ही यह शुभ उत्सव बहुत प्रेरणादायी है और मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि 2026 का ये मेरा पहला सार्वजनिक कार्यक्रम है, जो भगवान बुद्ध की चरणों से शुरू हो रहा है। मेरी कामना है कि भगवान बुद्ध के आशीर्वाद से 2026 दुनिया के लिए शांति, समृद्धि और सद्भाव का नया दौर लेकर आए। जिस स्थान पर यह प्रदर्शनी लगी है वो भी अपने-आप में विशेष है। किला राय पिथौरा का यह स्थान भारत के गौरवशाली इतिहास की यशभूमि है। उन्होंने कहा, भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष को अपने बीच पाकर हम सभी धन्य हैं। इनका भारत से बाहर जाना और लौटकर फिर भारत आना... ये दोनों ही पड़ाव अपने-आप में बहुत बड़ा सबक है। सबक ये है कि गुलामी कोई राजनीतिक और आर्थिक नहीं होती, गुलामी हमारी विरासत को भी तबाह कर देती है। भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष के साथ भी यही हुआ। गुलामी के कालखंड में इन्हें भारत से छीना गया। तब से करीब सवा सौ साल तक ये देश से बाहर ही रहे हैं। इसलिए उन्होंने इन पवित्र अवशेषों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में नीलाम करने का प्रयास किया। भारत के लिए तो भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष... हमारे आराध्य का ही एक अंश है, हमारी सभ्यता का अभिन्न अंग है।



## पंडित राम सुमेर शुक्ल स्मृति राजकीय मेडिकल कॉलेज को 651 करोड़ की स्वीकृत पूर्व विधायक शुक्ला ने जताया आभार

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

पंडित राम सुमेर शुक्ल स्मृति राजकीय मेडिकल कॉलेज को 651 करोड़ रूपये स्वीकृत एवं किच्छा - नगला मार्ग के किलोमीटर 5 से आदित्य चौक किच्छा होते हुए एनएच तक फोरलेन चौड़ीकरण करने के लिए 80.63 करोड रुपए जारी करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने आभार जताया।

पूर्व विधायक ने बताया कि पूर्व में 20 साल से घोषित रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज 20 वर्षों तक अपने निर्माण की बात खोजता रहा, उन्होंने किच्छा से विधायक बनने के बाद इस अधूरे मेडिकल कॉलेज को पूरा करने का बीड़ा उठाया था। 2019 में तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री अश्वनी चौबे को रुद्रपुर में अधूरे मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कराकर एक साथ 345 करोड रुपए भारत सरकार से जारी कराए थे। शुक्ला ने कहा कि बीच में कोरोना काल में 2 साल निर्माण रुक जाने से मेडिकल कॉलेज के लिए जारी धनराशि निर्माण की लागत से कम पड़ने लगी और विभाग द्वारा इसके लिए 651 करोड रुपए की डिमांड हुई। 4 दिसंबर 2025 को पंडित राम सुमेर शुक्ल स्मृति समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सीएम धामी से बढ़ी हुई राशि जारी करने की मांग की थी। सीएम धामी ने इस मेडिकल कॉलेज के निर्माण को पूरा करने हेतु अपनी घोषणा आज 651 करोड रुपए स्वीकृत करके कर दी। उन्होंने मेडिकल कॉलेज को 100 सीटे भी दी हैं, अगले सत्र में यहां चिकित्सकों की शिक्षा शुरू हो जाएगी जो एक बड़ा कदम होगा। शुक्ला ने कहा कि नगला से किच्छा की तरफ नगला से 5 किलोमीटर बाद किच्छा के आदित्य चौक होते हुए एनएच तक 8 किलोमीटर सड़क को फोरलेन स्वीकृत करते हुए 80 करोड़ 63 लाख रुपए जारी करने पर भी सीएम धामी का आभार जताते हैं। शुक्ला ने कहा कि सीएम धामी जो कहते हैं उसे करते हैं तथा जनता की हर जायज मांग पर हामी भरते हैं इसलिए प्रदेश में आज नारा लगता है कि धामी है तो हामी है।



## भाजपा ने सभी सात मोर्चों की प्रदेश टीम की घोषित

देहरादून
हमारे संवाददाता

भाजपा ने करीब दो महीने पहले सभी सात मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए थे। इसके बाद से ही लगातार सभी के विस्तार का इंतजार किया जा रहा था। आज मोर्चों की प्रदेश टीम भी घोषित कर दी गई है। साल की शुरुआत के साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने सभी सात मोर्चों की टीमों की घोषणा भी कर दी है। प्रदेश भर से इसमें पदाधिकारी घोषित किए गए हैं।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की सहमति के बाद भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विपुल मैंदोली ने अपनी टीम घोषित कर दी। इसी प्रकार, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रुचि चौहान भट्ट, किसान मोर्चा के महेंद्र सिंह नेगी, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्या, अनुसूचित जाति मोर्चा के बलबीर घुनियाल, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के डॉ. प्रेम सिंह राणा, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष अनीस गौड़ ने अपनी टीमों की घोषणा कर दी। भाजपा ने करीब दो महीने पहले सभी सात मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए थे। इसके बाद से ही लगातार सभी के विस्तार का इंतजार किया जा रहा था। संगठन आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इन जिम्मेदारियों को अहम मान रहा है। भाजपा के संगठन महामंत्री अजय कुमार ने सभी पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी हैं।

.... संबंधित खबर पेज चार पर

## प्रकाश पर्व एवं नगर कीर्तन को लेकर आज यातायात डायवर्जन

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

प्रकाश पर्व एवं नगर कीर्तन को लेकर को आज शहर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह बदली है। नगर कीर्तन के दौरान शहर के प्रमुख मार्गों पर भारी वाहनों से लेकर छोटे वाहनों तक का डायवर्जन लागू रहेगा। यह ट्रैफिक प्लान सुबह से नगर कीर्तन समाप्ति तक प्रभावी रहेगा।

नगर कीर्तन रामलीला मैदान से शुरू होकर ओके होटल तिराहा, रोडवेज, नैनीताल बैंक, एसडीएम तिराहा, तिकोनिया, वर्कशॉप लाइन, ताज चौराहा, नया बाजार, मीरा मार्ग, सिंधी चौराहा, कालाढूंगी चौराहा होते हुए वापस रामलीला मैदान पहुंचेगा। इस दौरान कई स्थानों पर यातायात को विपरीत दिशा या वैकल्पिक मार्गों से संचालित किया जाएगा। नगर कीर्तन का मार्ग ओ0के0 होटल तिराहा से तिकोनिया चौराहा तक व सिंधी चौराहा से ओके होटल तिराहा तक मुख्य मार्ग के दाहिनी ओर(विपरीत दिशा) रहेगा।

नगर कीर्तन के दौरान अति आवश्यक सेवा से सम्बन्धित वाहन (गैस, दूध तेल आदि) भी अपने आवागमन के दौरान बाईपास मार्ग का प्रयोग करेंगे।




### अन्य राज्यों से आने वाली रोडवेज बसों हेतु डायवर्जन प्लान

रामपुर रोड/बरेली रोड/कालाढूंगी रोड से आने वाली उत्तराखण्ड रोडवेज बसों को जब शोभा यात्रा ओके होटल तिराहा से नैनीताल बैंक तिराहा के मध्य रहेगी तब टीपी नगर तिराहा / हौंडा शोरूम तिराहा / लालडॉट तिराहा पर रोका जायेगा। शोभा यात्रा जब नैनीताल बैंक तिराहा पास कर लेगी तब समस्त बसें रोडवेज स्टेशन तक आ सकेंगी व उत्तर प्रदेश, हरियाणा, चण्डीगढ़, राजस्थान आदि परिवहन की बसें नगर कीर्तन समाप्ति तक केवल टीपी नगर तिराहा व हौंडा शोरूम तिराहा तक आ सकेंगी। पर्वतीय क्षेत्र से आने वाली समस्त रोडवेज / केमू की बसें जब शोभा यात्रा ओके होटल से तिकोनिया के मध्य रहेगी तब नारीमन तिराहा से डायवर्ट होकर गौलापार रोड होते हुए तीनपानी तिराहा से सिंधी चौराहा होते हुए रोडवेज स्टेशन तक आ सकेंगी। जब शोभा यात्रा तिकोनिया चौराहा से वर्कशॉप लाईन होते हुए केमू स्टेशन के मध्य रहेगी तब समस्त बसें नारीमन तिराहा से तिकोनिया चौराहा होते हुए नैनीताल बैंक से रोडवेज स्टेशन को आ सकेंगी। रोडवेज स्टेशन हल्द्वानी से रामपुर/बरेली रोड को जाने वाली रोडवेज बसें रोडवेज पूर्वी गेट से ताज चौराहा होते हुए गौलापुल से अपने गन्तव्य को जायेंगी। जब शोभा यात्रा केमू स्टेशन से ताज चौराहा के मध्य रहेगी तब समस्त रोडवेज बसें रोडवेज पश्चिमी गेट से अपने गन्तव्य को जायेंगी। रोडवेज / केमू स्टेशन हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्र/कालाढूंगी रोड को जाने वाली समस्त रोडवेज / केमू की बसें रोडवेज पूर्वी गेट से वर्कशॉप लाईन होते हुए तिकोनिया चौराहा से अपने गन्तव्य को जायेंगी। जब शोभा यात्रा तिकोनिया चौराहा से वर्कशॉप लाईन होते हुए केमू स्टेशन के मध्य रहेगी तब समस्त बसें रोडवेज पश्चिमी गेट से होते हुए अपने गन्तव्य को जायेंगी। रोडवेज के पास से संचालित होने वाली इंटरसिटी बसें नगर कीर्तन समाप्ति तक हौंडा शोरूम तिराहा से संचालित होंगी।

# अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग

## सीबीआई को जॉंच सौंपने को भी तैयार नहीं, दुःखद और आश्चर्यजनकःखष्टी बिष्ट

नैनीताल

हमारे संवाददाता



बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड के आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़कर फ ाँसी की सजा दिए जाने की माँग को लेकर नैनीताल जिला महिला कांग्रेस के सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल नैनीताल विधायक सरिता आर्या से मिला और ज्ञापन दिया।

जिला महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष खष्टी बिष्ट कहा कि पिछले दिनों उर्मिला सनावर अभिनेत्री के कथित बयानों और वीडियो वायरल होने से प्रदेश की राजनीति में भूचाल आ गया है। कहा कि पुलिस की सॅंदिग्ध भूमिका और सत्ताधारी पार्टी के अडि ?ल रवैये से कुछ नामचीन लोगों को बचाने के लिए उनके नाम सार्वजनिक नहीं किए गए जो इस बेटी अंकिता की निर्मम हत्याकांड से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को मामले को लेकर नैनीताल विस की विधायक सरिता आर्या को चार बिंदुओं का ज्ञापन दिया गया जिसमें पुलिस के ढुलमुल रवैये पर नाराजगी, सत्ता पक्ष की चुप्पी, मामले को सीबीआई जाँच किए जाने तथा माँगें पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है। अपने वक्तव्य में श्रीमती बिष्ट कहा कि आखिर पूरी सरकार मौन क्यों है? यहाँ तक कि महिला विधायकों की संवेदना भी सूख गई है। विधानसभा की सर्वोच्च कुर्सी पर बैठी अध्यक्षा का ऐसे संवेदनशील मामले में चुप रहना घोर निराशाजनक है। उन्होंने पूछा कि पहाड़ की बहन व बेटियां कब तक असुरक्षित रहेंगी ? उनकी सुरक्षा के जिममेदार लोग मौन क्यों हैं? प्रतिनिधिमंडल में धनी दुमका, जया कपिल, माया पंत, निशा बिष्ट, अंजू चौधरी, ममता बिष्ट, शोभा आर्या, गीता,ममता पांडे, तुलसी बिष्ट, रचना, सुरभि व कंचन और सुमन आदि महिलाएं उपस्थित रही।



# शोधार्थी यूमनाम जॉन्सन सिंह की पीएचडी की मौखिकी परीक्षा आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के वानिकी विभाग के शोधार्थी यूमनाम जॉन्सन सिंह ने शुक्रवार को अपनी पीएचडी की अंतिम मौखिकी परीक्षा दी।

बता दें उनके शोध का विषय रिजनरेशन प्रोडटिविटी एंड कार्बन सीक्वस्ट्रेशन इन ओक डोमिनेटेड फ रॅस्ट विथ स्पेशल रिफ रेंस तो कलाइमेट चेंज इन द ईस्टर्न हिमालयन रीजन था। इस दौरान उनके डॉ. एस.एस. सामंत वाह्य परीक्षक रहे । श्री जॉन्सन ने अपना शोध कार्य प्रो. लक्ष्मण सिंह लोधियाल के दिशा निर्देशन एवम डा.के. एस. कनवाल के सह निर्देशन में पूर्ण किया। बता दें श्री जॉन्सन सिंह वर्तमान में पर्यावरण विभाग तथा कलाइमेट चेंज अरुणाचल प्रदेश में डीई साइंटिस्ट सी के पद पर कार्यरत हैं।

इस दौरान प्रो. आशीष तिवारी विभागाध्यक्ष ने मौखिक परीक्षा संपन्न कराई । इस अवसर पर डॉ नंदन सिंह मेहरा, डॉ श्रुति साह,डॉ नीता आर्य,डॉ ईरा तिवारी,डॉ मैत्री नारायण तथा डॉ कुबेर सिंह गिनती सहित शोध छात्र उपस्थित रहे ।

# धूमधाम से मनाया पूर्व विधायक संजीव आर्य का जन्मदिन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल के पूर्व विधायक संजीव आर्य का शुक्रवार को शिवमंदिर बेतालघाट में हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में नव निर्वाचित प्रधान बीडीसी व जिला पंचायत सदस्यों को शाल ओढ़ाकर सममानित भी किया गया।

बता दें कि प्रत्येक वर्ष की भांति नैनीताल के पूर्व विधायक संजीव आर्य का कार्यकर्ताओं द्वारा केक काटकर मिष्ठान वितरण किया गया इस दौरान सभा का भी आयोजन किया गया ।सभा में वक्ताओं ने कहा कि संजीव आर्य ने बेतालघाट के विकास में कोई कोर कसर नही छोड़ी ।जहां करोड़ों रुपये की लागत से पाँच पुल निर्माण किया वही चन्द्रकोट, काडाफ फ डिया, हरिनगर, रिखोली रोपा, घोड़िया टापू, चुलिया विडारी मोटर मार्ग का निर्माण किया गया तथा क्षेत्र का चहुमुखी विकास किया गया।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह बोहरा,ग्राम प्रधान दीपा मेहरा ,आनंद सिंह बोहरा,पूरन सिंह धारीवाल,उमेश चंद्र खंडूरी,हिमांशु जोशी,हरीश चंद्र आर्य,दयालसिह नेगी,नीमा देवी,किरन देवी,बीडीसी सदस्य विरेंद्र भंडारी, माया डौर्वी,नीमा देवी,शान्ति देवी,ज्योति मेहरा, ,प्रेमा विष्ट,सविता तिवारी,मंजू पंत,शेखर दानी,प्रदीप पंत तथा पी सी गोरखा व नवीन जोशी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे । सभा का संचालन विरेंद्र पंत ने किया।



## NEWS / फटाफट

### रेस्टोरेंट में खाना खाने गए युवक पर मारपीट का आरोप, चालान

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल क्षेत्र में देर रात एक रेस्टोरेंट में खाना खाने गए युवक का रेस्टोरेंट कर्मी से मारपीट हो गई। पुलिस ने मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार वीरवार को रात मल्लीताल बड़ा बाजार में एक युवक रेस्टोरेंट में खाना खाने गया था। इस दौरान उसका रेस्टोरेंट में काम करने वाले एक कर्मचारी से विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो दोनों के बीच मारपीट हो गई। अन्य कर्मचारियों ने मामला शांत करने की कोशिश की लेकिन युवक नहीं माना जिस पर रेस्टोरेंट कर्मियों ने पुलिस को सूचित कर दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस युवक को कोतवाली ले आई। एसआई प्रवीण कुमार तेवतिया ने बताया कि मामले में मारपीट करने वाले चंपावत निवासी प्रकाश के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### कूटा ने किया नव वर्ष पर वीसी का स्वागत



**नैनीताल** । कुमाऊं विश्वविधालय शिक्षक संघ (कूटा) द्वारा शुक्रवार को कुलपति प्रो. दिवान सिंह रावत से मुलाकात कर उन्हें आंग्ल नव वर्ष 2026 की बधाई एवं शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर कूटा ने कुलपति को पुष्प गुच्छ भेंटकर तथा शॉल ओढाकर तथा मिठाई खिलाई । इस दौरान कूटा ने कुलपति प्रो.रावत से कैस के अंतर्गत प्रमोशन शीघ्र कराने, संविदा शिक्षकों का एसटेंशन तथा शीतावकाश व सेवा नियमावली सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर कूटा अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी,महासचिव डॉ युगल जोशी तथा उपसचिव डॉ संतोष कुमार,डॉ शिवांगी, डॉ अशोक कुमार तथा प्रो. अनिल बिष्ट शामिल रहे।

### कहासुनी के चलते हुई मारपीट, चार के खिलाफ कार्रवाई

**नैनीताल** । नैनीताल के नारायणनगर क्षेत्र में स्थानीय व पर्यटकों के बीच विवाद मारपीट में बदल गया। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद पुलिस ने चार पर्यटकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार वीरवार की रात को नारायण नगर अस्थाई पार्किंग में टेंपो ट्रेवलर से पहुंचे दिल्ली के पर्यटकों का वहां कुछ स्थानीय लोगों से विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो पर्यटक अभद्रता पर उतर आए। इस दौरान हाथापाई हुई तो लोगों ने पुलिस को सूचना कर दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने विवाद शांत किया और पर्यटकों को कोतवाली ले आई। नारायणनगर चौकी इंचार्ज विजय कुमार ने बताया कि सार्वजनिक स्थान पर विवाद तथा मारपीट करने और अभद्रता करने पर दिल्ली निवासी आशु समेत राहुल व दो महिलाओं के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है।

### हिमालय बचाओ अभियान के तहत दिलायी गयी शपथ



**नैनीताल** । राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान आज 536वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 536वें दिन जीआईसी डीडीहाट के खेल मैदान में खेल महाकुंभ के तहत विधायक ट्रॉफ ी में खेल को पौधारोपण से जोड़ते हुए विभिन्न विद्यालय से आए छात्र-छात्राओं को हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई गई व पधारोपण किया गया। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा। कार्यक्रम में अशोक खड़ायत, सुनील शाह, किशोर शाह, शेखर कफ लिया, विक्रम विष्ट, बलवंत कन्याल, नंदन चूफ ाल, राजेंद्र चुफाल तथा राजेंद्र डिगारी, योगेश कन्याल सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए छात्र छात्राएं व अध्यापक उपस्थित रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# भीमताल स्थित जून स्टेट क्षेत्र में पेड़ों के कटान पर लगा हाईकोर्ट का ब्रेक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के भीमताल स्थित जून स्टेट क्षेत्र के पर्यावरण संरक्षण को लेकर पीटर स्मेटा द्वारा दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए मुखय न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि इस क्षेत्र में पेड़ों के कटान और कटाई के लिए कोई भी अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी। यह अंतरिम रोक वन विभाग तथा स्थानीय निकायों और विकास प्राधिकरणों पर समान रूप से लागू होगी।

अदालत ने एक पुरानी रिपोर्ट पर विशेष संज्ञान लिया है जिसे तत्कालीन उप वन संरक्षक मनोज चंद्रन द्वारा तैयार किया गया था। इस रिपोर्ट में जून स्टेट को श्वन पंचायत और एक महत्वपूर्ण जलागम क्षेत्र के रूप में वर्णित किया गया है हालांकि राज्य सरकार के वकील ने इस रिपोर्ट की प्रामाणिकता पर सवाल उठाते हुए तर्क दिया कि इस पर संबंधित अधिकारी के हस्ताक्षर या मुहर नहीं है।सुनवाई के दौरान एक चौंकाने वाला तथ्य यह भी सामने आया कि यह महत्वपूर्ण सरकारी रिपोर्ट कथित तौर पर गायब हो गई है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि इस दस्तावेज़ के गुम होने की खबर मार्च 2014 में एक समाचार पत्र में भी प्रकाशित हुई थी। अदालत ने अब राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वे संबंधित अखबार के प्रकाशक से इस खबर की सत्यता की पुष्टि करें।

हाईकोर्ट ने सखत रुख अपनाते हुए कहा कि जनहित याचिका कोई विरोधात्मक मुकदमा नहीं है बल्कि समाज और पर्यावरण की बेहतरी के लिए एक सामूहिक प्रयास है। पीठ ने टिप्पणी की कि चूंकि इस मामले में कोई एक व्यक्ति नहीं बल्कि पूरी नागरिक समयता हितधारक है इसलिए रिपोर्ट की गहन जांच आवश्यक है।

# हाईकोर्ट ने लगाई हॉटमिस प्लांट के संचालन पर रोक

नैनीताल

हमारे संवाददाता



उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देहरादून के विकास नगर के बरटोली ग्राम में शीतला नदी नया पुल के पास कोलतार का हॉटमिकस प्लांट राज्य प्रदूषण बोर्ड के नियमों के विरुद्ध लगाए जाने के मामले पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने हॉटमिस प्लांट के संचालन पर रोक लगाते हुए ए .ए. कंस्ट्रशन को नोटिस जारी कर राज्य सरकार सहित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्रगति रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई खण्डपीठ ने 7 जनवरी 2026 (बुधवार) की तिथि नियत की है। बता दें शुक्रवार को हुई सुनवाई पर प्रदूषण बोर्ड ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि हॉटमिस प्लांट नियमों के विपरीत चल रहा है जो कि बोर्ड के मानकों को पूरा नहीं करता है। बोर्ड इसी सप्ताह उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर रहा है। अतः कोर्ट ने उसके संचालन पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार सहित पीसीबी से प्रगति रिपोर्ट 7 जनवरी बुधवार) तक कोर्ट में प्रस्तुत करने को कहा है। मामले के अनुसार देहरादून विकास नगर के बरटोली ग्राम निवासी प्रदीप कुमार ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि उनके ग्राम के समीप शीलता नदी बहती है। उसके समीप कोलतार का हॉटमिस प्लांट लगाया गया है। जिसकी दूरी ग्राम से मात्र 200 मीटर है। हॉट मिस प्लांट लगने से ग्राम की आबो हवा प्रदूषित हो गयी है। जिसकी वजह से बुजर्गों, बच्चों व खेती पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यही नहीं पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है। जब इस क्षेत्र से गुजरते हैं तो राहगीरों को सांस लेने में भी दिक्कत आ रही है इसलिए जनहित को देखते हुए इस पर रोक लगाई जाय।

# अभिमत

## नतीजे का इन्तजार

*जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री की बात अनसुनी कर दी है। इसी तरह राज्यों में विधायक भी जनता से दूरी बनाये हुए हैं। जनता के साथ जनप्रतिनिधियों का निरंतर सम्पर्क हो तो समस्याओं का समाधान हो। मुख्यमंत्री धामी के अभियान में अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों को भी जन-जन के द्वार पहुंचना चाहिए। अगले साल विधानसभा चुनाव है। सरकार को जनता के दरवाजे पर लगातार दस्तक देने की जरूरत है। ज्यादातर विधायक अभी से टिकट की जुगाड़ में लगे हैं। सांसद और विधायकों का मानना है कि टिकट मिलने पर मोदी के नाम पर जीत जायेंगे, जमीनी स्तर पर काम की जरूरत नहीं है।*

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी निर्णय लेने में देरी नहीं करते हैं। सरकारी विभागों में भर्ती की परीक्षा में नकल और पेपर लीक के मामले उजागर होने पर तत्काल जांच के आदेश दिये। आरोपियों की गिरफ्तारी भी हुई। भौगोलिक दृष्टि से विषम परिस्थितियों वाले पर्वतीय राज्य में दैवीय आपदा और हादसे होने पर मुख्यमंत्री मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य कराते हैं। मुख्यमंत्री धामी की सक्रियता पर कोई संदेह नहीं है। उत्तराखंड में 'जन जन की सरकार-जन जन के द्वार' अभियान शुरू किया है। जन समस्याओं का समाधान करने और केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के लिए 23 विभागों के अधिकारी खुद लोगों के बीच जा रहे हैं। अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में शिविर लगाये जायेंगे। शिविर में समाज कल्याण विभाग की पेंशन के लिए आवेदन, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज, राशन कार्ड में संशोधन, किसान सम्मान निधि और सत्यापन की प्रक्रिया, स्वास्थ्य जांच और आयुष्मान कार्ड निर्माण, बिजली, पानी, सड़क और सिंचाई संबंधी शिकायतों का निवारण किया जायेगा। रोजगार के लिए पंजीकरण और कौशल विकास की जानकारी दी जायेगी। मुख्यमंत्री ने अभियान के लिए 45 दिन का समय निर्धारित किया है, यह भी कहा है कि समय सीमा बढ़ाई जा सकती है। मुख्यमंत्री धामी की जनसेवा की भावना की सराहना की जानी चाहिए। अभियान के नतीजे का इन्तजार जरूर है। इस मामले को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनप्रतिनिधियों से बार-बार अपील को जोड़ना प्रासंगिक होगा। प्रधानमंत्री मोदी कई बार कह चुके हैं कि संसद का सत्र नहीं होने पर सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्र में जाकर जनसमस्याओं का समाधान करें। जनता से सीधा संवाद करें और योजनाओं तथा सरकार की उपलब्धियों का प्रचार करें। जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री की बात अनसुनी कर दी है। इसी तरह राज्यों में विधायक भी जनता से दूरी बनाये हुए हैं। जनता के साथ जनप्रतिनिधियों का निरंतर सम्पर्क हो तो समस्याओं का समाधान हो सकता है। मुख्यमंत्री धामी के अभियान में अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों को भी जन-जन के द्वार पहुंचना चाहिए। अगले साल विधानसभा चुनाव है। सरकार को जनता के दरवाजे पर लगातार दस्तक देने की जरूरत है। ज्यादातर विधायक अभी से टिकट की जुगाड़ में लगे हैं। सांसद और विधायकों का मानना है कि टिकट मिलने पर मोदी के नाम पर जीत जायेंगे, जमीनी स्तर पर काम की जरूरत नहीं है।

# गोलू देवता मंदिर में किया विशाल भंडारे का आयोजन

## नव वर्ष 2026 पर ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल की धार्मिक पहल

**नैनीताल** — हमारे संवाददाता

नव वर्ष-2026 के पावन अवसर पर ग्राफि क एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल द्वारा घोड़ाखाल स्थित प्रसिद्ध श्री श्री 1008 गोलू देवता मंदिर में 12वें विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस भंडारे में लगभग 5 हजार0 से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

बता दें हर वर्ष नव वर्ष के प्रथम दिन गोलू देवता मंदिर में बड़ी संखया में श्रद्धालु दर्शन हेतु पहुंचते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सेवा भावना के अंतर्गत यह विशाल भंडारा आयोजित किया गया। आयोजन में संस्थान के स्टाफ सदस्यों एवं स्वयंसेवकों ने पूर्ण समर्पण और जिममेदारी के साथ अपनी सेवाएं प्रदान कीं। भंडारे में श्रद्धालुओं को पुरी,सबजी तथा हलवा सहित अन्य पारंपरिक व्यंजन परोसे गए। भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया। संपूर्ण व्यवस्था अत्यंत सुव्यवस्थित रही। श्रद्धालुओं की अधिक संखया को देखते हुए अलग-अलग काउंटर लगाए गएए जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस आयोजन में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ.साथ देश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालु भी शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था और सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।इस अवसर पर ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटीए भीमताल परिसर के निदेशक ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन संस्थान की समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी शिक्षा के साथ.साथ सामाजिक उत्तरदायित्व को भी समान महत्व देता हैवहीं ग्राफिक एरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के अध्यक्ष प्रो.डा.कमल घनशाला ने अपने संदेश में कहा हमारा उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना ही नहीं बल्कि समाज के प्रति अपनी जिममेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करना भी है। गोलू देवता के इस पवित्र स्थल पर पिछले वर्षों से लगातार भंडारे का आयोजन करना हमारे लिए गर्व का विषय है। यह हमारी सेवा परंपरा का प्रतीक है जिसे हम भविष्य में भी निरंतर जारी रखेंगे। नव वर्ष सभी के लिए सुख तथा शांति और समृद्धि लेकर आए यही हमारी शुभकामनाएं हैं।श्रद्धालुओं ने ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटीए भीमताल की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संखया में श्रद्धालुओं के लिए सुव्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन की व्यवस्था करना संस्थान की सशक्त सेवा भावना को दर्शाता है।



## यूपी निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

रूद्रपुर। कोतवाली क्षेत्र में किराए पर रह रहा युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में तबियत बिगड़ गई। परिवार के लोग उपचार को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक 35 वर्षीय हरीश पुत्र हरि प्रकाश जिला मुडापांडे के गणेशपुर निवासी यहां प्रीत विहार में परिवार के साथ किराए पर रहता था। कल उसकी अचानक तबियत बिगड़ गई। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से इसका मेमो पुलिस को भेजा गया। मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने मृतक के परिजनों से जानकारी ली उन्होंने शव पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेजा है। पुलिस का कहना है कि युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। मौत का सही कारणों को पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। उधर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के तीन बच्चे बताए जा रहे हैं। मृतक पेंटर का काम करता था।

# नैनीताल में वीकेंड से पहले ही उमड़े सैलानी

**नैनीताल** — हमारे संवाददाता

नैनीताल में शुक्रवार को वीकेंड से पहले ही काफी संखया में पर्यटकों के पहुंचने का सिलसिला शुरु हो चला है। पर्यटकों की आवाजाही बढने से नैनीताल में खूब रौनक देखने को मिली।

नगर की माल रोड सैलानियों से पटी हुई नजर आई वही जीवनदायिनी नैनी झील में नौका विहार करने वालों का तांता लगा रहा। स्नोव्यू, हिमालय दर्शन, वॉटरफ लॅल, केव समेत अन्य पर्यटन स्थलों में सैलानियों की भारी भीड़ देखी गई। नयना देवी मंदिर, पाषाण देवी व हनुमागढ़ी मंदिर श्रद्धालुओं से पटे रहे। इस बीच भोटिया बाजार, तिब्बती बाजार व बड़ा बाजार मालरोड स्थित दुकानों में भी खरीदारी करते सैलानी नजर आए। रेस्टोरेंट भी भरे रहे। पर्यटन स्थलों में स्थित जलपान गृहों में भी भारी भीड़ रही। नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट के अनुसार शनिवार (आज) वीकेंड पर सैलानियों का पहुंचना जारी रहेगा। इसके बाद 26 जनवरी के लंबे वीकेंड पर सैलानियों के बड़ी संखया में पहुंचने की संभावना रहेगी।


इधर नगर में अधिकांश समय बादल आसमान में छाए रहे। सर्द हवाएं चलने से तापमान में गिरावट रही और ठंड का आभास बाना रहा। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 16 व न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस रहा।





# फिल्मी दुनिया

## बहन नुपुर की शादी की चर्चा के बीच रूमर्ड बॉयफ्रेंड संग दिखीं कृति सेनन





*कृति सेनन अपनी फिल्मों के अलावा पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्हें रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ देखा गया। पैपराजी का कैमरा देखकर कबीर ने जो रिएक्शन दिया, वह वायरल हो रहा है। कृति सेनन इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ में ज्यादा व्यस्त हैं। जल्द ही उनकी बहन की शादी होने वाली है। इसी बीच उन्हें अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ देखा गया है। दोनों एक ही कार में नजर आए। पैपराजी ने इस कपल को अपने कैमरे में कैद कर लिया। कृति ने पैपराजी के कहने पर फोटो क्लिक कराए लेकिन कबीर पैपराजी के सामने नहीं आए। कृति सेनन और कबीर को एक ही कार में साथ कहीं जाते हुए देखा गया। कार के अंदर बैठे कबीर ने जब देखा कि पैपराजी उनकी फोटो, वीडियो ले रहे हैं तो उन्होंने खुद को पीछे करने की कोशिश नहीं की। एक बार कार के अंदर से ही पैपराजी को देखा। वह शांत होकर कार में बैठे रहे। बाद में कृति ने कार का दरवाजा खोला और पैपराजी के कहने पर फोटो क्लिक करवाए। फैंस के साथ भी कृति से पोज दिए। इस तरह कहीं ना कहीं कृति और कबीर ने अपने रिश्ते पब्लिक के सामने कंफर्म कर दिया। कृति सेनन की बहन की शादी इसी महीने है। खबर है कि कृति की बहन नुपुर और सिंगर स्टेबिन बेन 11 जनवरी को उदयपुर में शादी करने वाले हैं। वैसे अभी तक कृति या उनके परिवार ने नुपुर की शादी को लेकर ऑफिशियल अनाउसमेंट नहीं की है। लेकिन क्रिसमस पर कृति ने कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की थीं, जिसमें नुपुर के साथ स्टेबिन बेन नजर आ रहे थे।*

### शाहिद कपूर के साथ फिल्म कर रही हैं कृति

*पिछले साल कृति सेनन ने धनुष के साथ फिल्म तेरे इश्क में की थी। फिल्म को आनंद एल राय ने निर्देशित किया। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा कलेक्शन किया। कृति सेनन एक फिल्म कॉकटेल 2 भी कर रही हैं, इसमें उनके अपोजिट शाहिद कपूर हैं। यह फिल्म इस साल रिलीज होगी।*

# डा.पूनम बिष्ट पत्रकारिता विभाग की एचओडी बनीं

**नैनीताल** — हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविधालय के नैनीताल स्थित डीएसबी परिसर के अटल पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययन केंद्र का विभागाध्यक्ष बनने पर डॉ. पूनम बिष्ट का शुक्रवार को कुमाऊं विवि शिक्षक संघ (कूटा) ने अभिनंदन किया।

कूटा ने पुष्प गुच्छ भेंटकर डा. पूनम बिष्ट को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की । बता दें प्रो. गिरीश रंजन तिवारी की अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के बाद डॉ पूनम बिष्ट को विभागाध्यक्ष बनाया गया है ।

कूटा की तरफ से अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी, पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो.गिरीश रंजन तिवारी समेत चीफ प्राकटर प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट,प्रो. मनोज आर्य,डॉ नीलू लोधियाल,डॉ. दीपक कुमार,डॉ युगल जोशी,डॉ संतोष कुमार,डॉ अनिल बिष्ट,डॉ दीपिका गोस्वामी तथा डॉ अशोक कुमार ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।



## News कॉर्नर

### हजारों रुपए की नगदी व सट्टे की खाई बाड़ी करते दबोचा

हल्द्वानी। पुलिस ने हजारों रुपए की नगदी सहित सट्टे में प्रयुक्त प्रशन के साथ एक सट्टेबाज को गिरफ्तार किया है जिसे कार्रवाई करते हुए पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है। बनभूलपुरा कोतवाली प्रभारी दिनेश फर्त्याल अपने दलबल के साथ रात्रि में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर ने सूचना दी की गोला पार्किंग में एक व्यक्ति सट्टे की खाई बाड़ी कर लोगों से सट्टा ले रहा है सूचना पाकर पुलिस ने सट्टे की खाई बड़ी करने वाले शाहिद पुत्र अकबर निवासी मोहम्मदी चौक इंदिरा नगर को गिरफ्तार कर लिया और उसकी तलाशी ली जिसके पास से सट्टे में प्रयुक्त पर्चियां सहित 1400/ रुपए की नगदी बरामद हुई। पकड़े गए खाई बाढ़ में पुलिस को बताया कि वह काफी लंबे समय से सट्टे का कारोबार कर रहा है जिससे उसकी घर की रोजी-रोटी चल रही है पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है दिनेश फर्त्याल का कहना है कि दो नंबर के धंधा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### व्यक्ति ने पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई

हल्द्वानी। एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाते हुए। मुखानी थाना पुलिस को तहरीर सौंपी है। सौंपी तहरीर में शिवाजी कॉलोनी फॉर्म नंबर 3 बड़ी मुखानी निवासी ओमेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री भारती तोमर 1 जनवरी को घर से बिना बताए कहीं चली गई है इसके बारे में अपने रिश्तेदारों व उसके दोस्तों से जानकारी जुटाई लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं चल पाया तोमर ने बताया कि वह जीजीआईसी में कक्षा 11 की छात्रा है। पुलिस को उसने बताया कि उसे अपनी पुत्री की चिंता सता रही है पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उसकी गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण के साथ हुआ राजा रुद्रचन्द अध्ययन केन्द्र का शुभारम्भ

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं देवभूमि विचार मंच के सहयोग से राजा रुद्रचन्द अध्ययन केन्द्र का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण के साथ किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ बसुन्धरा उपाध्याय हिंदी विभाग ने बताया कि यह अध्ययन केन्द्र शोधार्थी एवं छात्र छात्राओं के के शैक्षणिक विकास में सहायक होगा। इसके माध्यम से हम सम समायिक विषयों पर प्रकाश डालेंगे।जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य अवधेश नारायण सिंह ने की। कार्यक्रम प्रस्तावना डॉ शिल्पी अग्रवाल ने प्रस्तुत की।कार्यक्रम की मुख्य वक्ता उर्मिला पिंचा जीएसटी




असिस्टेंट कमिश्नर ने कहा कि पुस्तकें ज्ञान बढ़ाती हैं।उन्होंने कहा कि हमें विरासत को साथ लेकर कार्य करना होगा।मुगलकाल और अंग्रेजी शासनकाल ने भारतीय ज्ञान व संस्कृति का नाश कर दिया। स्किल डेवलपमेंट भी हमारी पुरातन ज्ञान प्रणाली में समाहित था।हमारी परम्परा हमारे देश समाज और प्रकृति से जड़ी है। मौखिक परम्पराएं हमारे जीवन का हिस्सा हैं। भारतीय ज्ञान परम्परा को आगे बढ़ाने में महिलाओं की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि हमारी सभ्यता में महिलाओं को पूजा जाता है। हम वो हैं जो पुस्तकों को जलाते नहीं पुस्तकों को नमन करते हैं और उनमें वर्णित सार को आत्मसात कर समाज को नई दिशा देते हैं। कार्यक्रम के अतिथि वक्ता प्रो.सतेंद्र राजपूत, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार ने शोधकार्य को बढ़ावा देने के सम्बंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। सरकार के द्वारा दी जाने वाली सहायता सम्बधी योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भारतीय ज्ञान परम्परा में शोध के बहुत से अवसर हैं। महाविद्यालय प्राचार्य ने बताया कि हमारी परम्पराओं का सरक्षण होना चाहिए।इसका दायित्व हमारा है और भारतीय ज्ञान परम्परा को लेकर महाविद्यालय भी आगामी समय कार्य करेगा।उनका कहना था कि जो सेवानिवृत्त हो जाते हैं उन्हें भी साथ लेकर हम अपनी इन परम्पराओं को बचा सकते हैं। भगवती प्रसाद राघव ने कहा कि प्रज्ञा प्रवाह एक वैचारिक आंदोलन का स्वरूप है।प्रवाह का अर्थ है आगे बढ़ना अर्थात ज्ञान को आगे बढ़ाना। उन्होंने बताया कि हमारी परम्परा में बचत जीवन का हिस्सा रही है। यहां तक कि छोटे बच्चों को भी परिवार गुल्लक लाकर देते हैं पर वही बचत उस परिवार के काम आती है। आज लोक परम्परा को शिक्षण संस्थानों के माध्यम से फिरसे लोक तक ले जाना। कार्यक्रम में प्रो.दीपा वर्मा,प्रो. भरत राजपूत, प्रो शैलजा जोशी, प्रो.सर्वजीत यादव, प्रो. आशा राणा,प्रो मनोज पांडेय, प्रो राघवेंद्र मिश्रा, डॉ मुन्नी जोशी, डॉ कमला बोरा,डॉ गरिमा जायसवाल, अभिषेक गुप्ता, तरुण प्रजापति, सरबजीत कौर आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ प्रकाश जोशी ने किया।

# स्किल डेवलपमेंट से ही संवर सकता है युवाओं का भविष्यः विकास शर्मा

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

सिविल लाइन क्षेत्र में माइंड पावर यूनिवर्सिटी, भीमताल के नये केन्द्र का भव्य शुभारम्भ महापौर विकास शर्मा ने फीता काटकर किया। महापौर ने यूनिवर्सिटी प्रबंधन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह संस्थान क्षेत्र के युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार के नए अवसर खोलेगा तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

महापौर ने कहा कि जिला मुख्यालय रूद्रपुर तेजी से एजुकेशन हब के रूप में उभर रहा है। शहर में लगातार नये शिक्षण संस्थानों की स्थापना होना इस बात का प्रमाण है कि रूद्रपुर शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है।माइंड पावर यूनिवर्सिटी ने यहां केन्द की स्थापना करना स्वागत योग्य कदम है। नई शिक्षा नीति के तहत वोकेशनल कोर्स और स्किल डेवलपमेंट को शिक्षा प्रणाली का अहम हिस्सा बनाया गया



है। सिडकुल क्षेत्र में पहले से कई बड़े उद्योग स्थापित हैं और सीएम पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों से आने वाले समय में अनेक नये उद्योग रूद्रपुर और आसपास के क्षेत्रों में स्थापित होने जा रहे हैं। कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के डीन एकेडमिक्स डॉ. सुरेश कुमार ने कहा कि किसी भी राष्ट्रऔर समाज के विकास का सबसे बड़ा आधार शिक्षा है। डॉ. सुरेश कुमार ने घोषणा की कि रूद्रपुर केन्द्र में जरूरतमंद विद्यार्थियों को हरसंभव सहायता दी जाएगी तथा बालिकाओं की शिक्षा में विशेष छूट भी प्रदान की जाएगी।माइंड पावर यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने महापौर का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर कम्युनिकेशन केडी सिंह, विपिन पाण्डे,आदर्श जोशी, माधुरी गुप्ता,राम प्रकाश गुप्ता,गोपाल सिंह पटवाल, विक्की बोहरा, दुर्वेश यादव समेत छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# अंकिता भंडारी प्रकरण,कांग्रेसी पहुंचे कलेक्ट्रेट गेट, कार्यकर्ताओं की पुलिस से नोंक-झोंक, धक्का मुक्की

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

अंकिता भंडारी प्रकरण में वीआईपी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई और सीबीआई जांच की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन। प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी हुई।

कलेक्ट्रेट में पहुंचने पर वहां तैनात पुलिस ने कांग्रेसियों को गेट पर रोकने की कोशिश की। पुलिस और कांग्रेसियों के बीच नोंक झोंक हो गई। धक्का मुक्की भी हुई। पुलिस की कोशिश के बावजूद कांग्रेसी बेरिंग डेटिंग तोड़ कलेक्ट्रेट परिसर में घुस गए। एक बार पुलिस ने गेट को किसी तरह बंद कर दिया। के बावजूद कांग्रेसी गेट खोल कर कलेक्ट्रेट पहुंचे। कांग्रेसी अंकिता भंडारी प्रकरण में शामिल वीआईपी का खुलासा कर कार्रवाई और सीबीआई जांच की पुरजोर मांग उठाई। प्रदेश सरकार के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की। इससे पहले कांग्रेसी नैनीताल रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास एकत्रित हुए और यहां से किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के नेतृत्व कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे। कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लिए हुए थे।



# आरटीआई के दुरुपयोग पर प्रधान सहायक मोहमद अकरम को चेतावनी

नैनीताल
हमारे संवाददाता

**कार्रवाई**
● जिला मुखयालय नैनीताल से किया स्थानांतरण

जिलाधिकारी कार्यालय में सेवारत प्रधान सहायक मोहमद अकरम द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत अपने ही कार्यालय से अत्यधिक मात्रा में सूचना मांगे जाने तथा बाद में बिना किसी वैध कारण के उसे प्राप्त करने से इनकार किए जाने के प्रकरण को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने इसे गंभीरता से लिया है।

मामले में इसे शासकीय संसाधनों तथा समय एवं श्रम का अनावश्यक अपव्यय मानते हुए संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री अकरम द्वारा विभिन्न पटलों से व्यापक सूचना मांगी गई थी जिस पर लोक सूचना अधिकारी द्वारा सीमित मानव संसाधनों के बावजूद कई दिनों के परिश्रम के बाद लगभग तीन हजार पृष्ठों की सूचना संकलित कर निःशुल्क मुहैया कराई गई किंतु सूचना मुहैया कराए जाने के उपरांत श्री अकरम ने बिना किसी उचित कारण के उसे प्राप्त करने से इनकार कर दिया जिससे कार्यालयी कार्यप्रणाली प्रभावित हुई।

इस संबंध में आदेश जारी करते हुए आदेश में सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा है कि सूचना का अधिकार अधिनियम पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने का साधन है न कि शासकीय तंत्र को बाधित करने या सार्वजनिक संसाधनों के दुरुपयोग का माध्यम। न्यायालय द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि आरटीआई का प्रयोग विवेकपूर्ण एवं जिममेदार ढंग से किया जाना चाहिए।

आदेश में यह भी कहा गया है कि एक लोक सेवक से उसकी पदस्थापना और कर्तव्यों को देखते हुएए सामान्य नागरिक की तुलना में अधिक संयमित और उत्तरदायी आचरण की अपेक्षा की जाती है। अपने ही कार्यालय से अत्यधिक सूचना मांगकर उसे प्राप्त न करना उत्तराखंड सरकारी सेवक आचरण नियमावली के प्रावधानों के प्रतिकूल है। प्रकरण में मोहममद अकरम की औपचारिक भर्त्सना करते हुए उन्हें भविष्य में आरटीआई अधिनियम के प्रयोग तथा शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन में विधिक मर्यादाओं का पालन करने की कठोर चेतावनी दी गई है साथ ही प्रशासनिक आधार पर उनका जिला मुखयालय नैनीताल से स्थानांतरण भी कर दिया गया है।

### पुलिस की सूझबूझ से बची यात्री की जान



हरिद्वार। गंगा आरती के दौरान गुजरात से आए एक यात्री को मालवीय घाट पर अचानक अटैक आ गया। मौके पर मौजूद हर की पैड़ी पुलिस चौकी इंचार्ज श्री संजीत कंडारी ने तत्परता दिखाते हुए बिना देर किए यात्री को तत्काल अस्पताल भिजवाया, जिससे उसकी जान बच सकी।

# भाजपा अनूसूचित मोर्चे के नव नियुक्त जिला प्रभारी पोखरिया का स्वागत

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष दया किशन पोखरिया को अनुसूचित मोर्चे के जिले का प्रभारी बनाए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के नगर कार्यकारिणी द्वारा उनका स्वागत किया गया।

इस अवसर पर विधायक सरिता आर्य, मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की, मंडी समिति के सलाहकार मनोज जोशी, उपाध्यक्ष मोहित शाह, अनुसूचित मोर्चे के अध्यक्ष रोहित



भाटिया, भारतीय भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री हरीश राणा,पार्टी के उपाध्यक्ष निखिल बिष्ट, कोषाध्यक्ष मयंक पंत, सभासद मनोज साह जगाती व पूरन सिंह बिष्ट समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूर्व महापौर रामपाल अनूसूचित जाति प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गए

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

नगर निगम रुद्रपुर के पूर्व महापौर एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रामपाल सिंह को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, उत्तराखंड का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।

भाजपा कार्यकर्ता व समर्थकों में खुशी की लहर है। पदाधिकारियों, सामाजिक संगठनों ने उन्हें बधाई दी है। शुक्रवार को? पार्टी प्रदेश अध्यक्ष ने अनूसूचित जाति समेत कई मोर्चे की कार्यकारिणी की सूची जारी की है। इसी सूची में पूर्व महापौर रामपाल का नाम भी शामिल हैं। रामपाल सिंह लंबे समय से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में



सक्रिय रहे हैं। महापौर रहते हुए उन्होंने रुद्रपुर नगर में विकास, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं जनसमस्याओं के समाधान के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए। उनके कार्यकाल को आज भी जनसेवा और विकास के दृष्टिकोण से याद किया जाता है।

**जिम्मेदारी**
● निष्ठा और पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए पार्टी हाईकमान से दी जिम्मेदारी

पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने को संगठनात्मक दृष्टि से एक सशक्त निर्णय माना जा रहा है। उनके अनुभव, संगठन के प्रति निष्ठा, जमीनी पकड़ और अनुसूचित समाज के प्रति संवेदनशील सोच को देखते हुए भाजपा ने उन्हें यह दायित्व प्रदान किया है। पूर्व महापौर ने कहा कि पार्टी ने जो जिलाधिकारी उन्हें सौंपी है,उस पर वह खरा उतर संगठन को मजबूत बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में भी तेजी आएगी।

अनुसूचित जाति मोर्चा उत्तराखंड में और अधिक सक्रिय एवं सशक्त भूमिका निभाएगा। युवाओं को संगठन से जोड़ने, सामाजिक समरसता को मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। उन्होंने पार्टी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ करेंगे और अनुसूचित समाज के हितों के लिए लगातार कार्य करते रहेंगे।